गणतंत्र दिवस समारोह

26 जनवरी, 2018 को 69वें गणतंत्र दिवस के सुअवसर पर राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी), आणंद में श्री दिलीप रथ, अध्यक्ष ने प्रात: 9.00 बजे एनडीडीबी परिसर, आणंद में ध्वजारोहण किया जिसमें एनडीडीबी कार्मिक एवं उनके परिवार के सदस्यों ने बहुत हर्ष व उल्लास के साथ भाग लिया। इस दौरान सुरक्षा कर्मियों ने भव्य परेड का आयोजन किया तथा ध्वज को राष्ट्रीय सलामी दी।

इस सुअवसर पर श्री दिलीप रथ, अध्यक्ष ने सभी उपस्थित एनडीडीबी कार्मिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को गणतंत्र दिवस की बधाई तथा शुभकामना दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी को आज के दिन अपने लोकतंत्र के सिद्धांतों को समझना आवश्यक है जो "जनता का, जनता द्वारा तथा जनता के लिए" मूलमंत्र पर आधारित है। संयोगवश हमारी सहकारी संस्थाएं भी "सदस्यों का, सदस्यों द्वारा और सदस्यों के लिए" सिद्धांत पर गठित की गई हैं। अध्यक्ष महोदय ने हमें बताया कि जब-तक हम लोकतंत्र के इन मूल सिद्धांतों का पालन करेंगे तब-तक हमारे देश की प्रगति होगी। इसी प्रकार जब हम सहकारी सिद्धांतों का पालन करेंगे तब ही सहकारी संस्थाएं जीवित रहेंगी तथा तरक्की करेंगी। अत: हमारा यह कर्तव्य तथा जनादेश है कि हम देश भर की सहकारी संस्थाओं का समर्थन करें तथा उन्हें मजबूत बनाएं। यद्यपि, हम सब इसी दिशा में कार्यरत हैं।

अंत में बोहो नर्सरी के बच्चों को चॉकलेट वितरित किए गए तथा जलपान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

अंबेडकर जयंती

राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड, आणंद में दिनांक 14.04.2018 को अंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में पधारे डॉ. मनोज पटेल, प्रधानाचार्य, आणंद आर्ट्स कॉलेज (सरदार पटेल यूनिवर्सिटी, वल्लभ विद्यानगर) ने डॉ. अम्बेडकर के जीवन-संघर्षों एवं जातीय चेतना पर प्रेरक व्याख्यान दिया। इस समारोह में एनडीडीबी के कार्मिकों ने बढ़ी संख्या में भाग लिया।